भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 776

दिनांक 24 जुलाई, 2025 को उत्तरार्थ

.....

बिहार में चल रही सिंचाई परियोजनाएं

776. श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवालः

क्या जल शक्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) बिहार में चल रही वृहद सिंचाई परियोजनाओं का स्थानवार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इन परियोजनाओं में विलंब हुआ है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार ने ऐसी परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए अधिक निधि उपलब्ध कराने के लिए कोई प्रयास किए हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री

(श्री राज भूषण चौधरी)

(क) से (घ): जल संसाधन परियोजनाओं की योजना, क्रियान्वयन, वित्तपोषण और रखरखाव राज्य सरकारों द्वारा उनके अपने संसाधनों और प्राथमिकताओं के अनुसार किया जाता है। भारत सरकार की भूमिका प्रेरणा देने, तकनीकी सहायता प्रदान करने और इस मंत्रालय की चल रही योजनाओं के अंतर्गत कुछ चिन्हित परियोजनाओं को आंशिक वित्तीय सहायता प्रदान करने तक सीमित है।

बिहार में चल रही प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं, जिनमें इस मंत्रालय की योजनाओं के अंतर्गत आंशिक वित्तीय सहायता प्राप्त करने वाली परियोजनाएँ और स्वयं राज्य द्वारा कार्यान्वित परियोजनाएँ शामिल हैं, का विवरण अनुलग्नक-I में दिया गया है, साथ ही स्थान, भारत सरकार द्वारा प्रदान की गई धनराशि और राज्य द्वारा बताए गए विलंब के कारणों (यदि कोई हो) का विवरण भी दिया गया है।

*****

अनुलग्नक-I

"बिहार में चल रही सिंचाई परियोजनाएँ" के संबंध में दिनांक 24.07.2025 को लोक सभा में उत्तर के लिए देय अतारांकित प्रश्न संख्या 776 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | स्थान (जिला) | केन्द्रीय योजनाओं के तहत वित्तपोषण | परियोजना हेतु जारी केन्द्रीय सहायता (करोड़ रूपए में) | विलम्ब का कारण, यदि कोई हो |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दुर्गावती जलाशय परियोजना | कैमूर और रोहतास | पीएमकेएसवाई-एआईबीपी के अंतर्गत आंशिक केंद्रीय वित्तपोषण | 176.26 | परियोजना पूर्ण होने वाली है। नहर वितरिकाओं में भूमि अधिग्रहण संबंधी समस्याओं के कारण इसमें विलंब हुआ। |
| 2. | पुनपुन बैराज परियोजना | औरंगाबाद | पीएमकेएसवाई-एआईबीपी के अंतर्गत आंशिक केंद्रीय वित्तपोषण | 84.47 | नहरों में भूमि अधिग्रहण के मुद्दों के कारण परियोजना में विलम्ब हुआ है |
| 3. | उत्तर कोयल परियोजना | औरंगाबाद और गया | पीएमकेएसवाई-एआईबीपी के अंतर्गत आंशिक केंद्रीय वित्तपोषण | 771.04 | झारखंड में पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन संबंधी मुद्दों के कारण विलम्ब |
| 4. | कोसी मेची अंतर-राज्य लिंक परियोजना | अररिया, पूर्णिया, किशनगंज और कटिहार | पीएमकेएसवाई-एआईबीपी के अंतर्गत आंशिक केंद्रीय वित्तपोषण | - | मार्च 2025 में पीएमकेएसवाई-एआईबीपी में शामिल की गई नई परियोजना |
| 5. | कमला वियर को बैराज में परिवर्तित करना | मधुबनी | राज्य सरकार द्वारा वित्त पोषण | - | राज्य ने भूमि अधिग्रहण के मुद्दों के कारण विलम्ब की सूचना दी |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 6. | पूर्वी गंडक नहर प्रणाली (गंडक चरण-II) परियोजना | पूर्वी चंपारण, मुजफ्फरपुर, वैशाली और समस्तीपुर | राज्य सरकार द्वारा वित्त पोषण | - | राज्य ने कोविड-19, खरीफ सीजन के दौरान नहर संचालन, भूमि अधिग्रहण के कारण विलम्ब की सूचना दी। |
| 7. | पश्चिमी गंडक नहर प्रणाली (सारण मुख्य नहर) की मरम्मत | गोपालगंज, सीवान और सारण | राज्य सरकार द्वारा वित्त पोषण | - | राज्य ने कोविड-19, खरीफ सीजन के दौरान नहरों के संचालन के कारण हुए विलम्ब की सूचना दी है। अतिरिक्त मदों के कारण सारण नहर के मरम्मत में विलम्ब हुआ है। |

*****